वेटरनरी कॉलेज द्वारा निकाली गयी रेबीज जागरूकता रैली

पशुओं का मानव जीवन में बहुत महत्व है तथा सृष्टि के प्रारम्भ से ही पशु इंसान के रूप में साथ रहे है विश्व में सबसे जयादा पशु पक्षी पाए जाने वाले देशों में भारत भी शामिल है रेबीज एक जूनोटिक विष्णु जनित बीमारी है इसके प्रमुख लक्षण पानी से डरना, हिंसक गतिविधि, व्यवहार में बदलाव आना इत्यादि है। भारत ने विश्व रेबीज दिवस पर 2030 तक कुत्तों की मध्ययस्था बाले रेबीज उन्मून के लिए अपनी नयी राष्ट्रीय नियंत्रण योजना शुरू की है। एक स्वस्थ्य के जरिये रेबीज को 2030 तक खत्म करने का माध्यम अदित्यीय है। हम सभी को इसमें भागीदार बनने की जरूरत है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे हम सभी को एक स्वस्थ्य और संरक्षित दुनिया में जीवन यापन करने का मौका मिल सकता है।

विदित है कि नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा परिसर, पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, जबलपुर की रेबी उन्मूलन में हमेशा से सक्रिय भमिका रही है इसी तारतम्य में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशु पालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर. के. शर्मा के दिशा निर्देशन में पशु चिकित्सा परिसर में विश्व रेबीज दिवस के उपलक्ष्य पर जागरूकता रैली का आयोजन आज दिनांक 26 सितम्बर 2023 को किया गया। जागरूकता रेली अधिष्ठाता कार्यालय से शुरू होकर कलेक्ट्रेट, इंद्रा

मार्केट एवं शहर के मध्य से होते हुए पशु चिकित्सा परिसर तक आयी। रेली के दौरान समस्त छात्र–छात्राओं के द्वारा रेबीज जागरूकता से संबंधित नारे लागए गए एवं महत्वपूर्ण जानकारी आम नागरिकों को दी गयी।

पशु चिकित्सा परिसर, पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशु पालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व रेबीज दिवस बड़े हर्षोल्लास से 25 से 28 सितम्बर तक मनाया जा रहा है। जिसमें निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके परिणाम 28 सितम्बर को विश्व रेबीज दिवस के दिन महाविद्यालय सभागार में घोषित किये जायेगें। इसी क्रम में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 28 सितम्बर के दिन प्रातः 10:00 से 01:00 बजे तक निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण का आयोजन पशु चिकित्सा परिसर में किया जायेगा जिसका शुभारंभ माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के द्वारा स्वान को प्रथम टीकाकरण कर किया जावेगा। रेबीज टीकाकरण के पश्चात माननीय कुलपति महोदय द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया जायेगा।

इस कार्यक्रम के सफल संपादन हेतु समस्त छात्र–छात्राओं के अलावा अधिष्ठाता डॉ आर. के. शर्मा, डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. अपरा शाही, डॉ. मोहन सिंह ठाकुर, डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. नितिन बजाज, डॉ. राखी वैश, डॉ. यामिनी वर्मा, डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. रणवीर जाटव एवं समस्त प्राध्यापकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर